

# कलेक्टर अंशुल गुप्ता का बासौदा विकास खंड भ्रमण

## छात्रावास में नहीं मिले बच्चे, अधीक्षक और टीचर का वेतन काटने के निर्देश



नवभारत न्यूज

**विदिशा 7 जनवरी, कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आज बासौदा विकास खंड के मुरादपुर, उदयपुर और भिलाय ग्राम का भ्रमण सरकारी योजनाओं की जानकारी ली. इस दौरान उन्होंने योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनके जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों की जानकारी प्राप्त की तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर संतोष व्यक्त किया.**

भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने क्षेत्र के स्कूलों एवं छात्रावासों का निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों, अध्ययन व्यवस्था एवं विद्यार्थियों को प्रदाय की जा रही सुविधाओं की विस्तार से पूछताछ की. उदयपुर स्थित आदिवासी जूनियर बालक आश्रम शाला के निरीक्षण के समय विद्यार्थियों की उपस्थिति कम पाए जाने पर उन्होंने असंतोष व्यक्त किया। अधीक्षक एवं शिक्षक द्वारा संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं किए जाने पर कलेक्टर ने अधीक्षक चैन सिंह चिढ़ार एवं शिक्षिका राजेश्वरी मरखेड़कर का एक दिवस का वेतन रोकने के निर्देश दिए. उन्होंने शिविर में आधार कार्ड निर्माण की प्रक्रिया तथा निर्धारित शुल्क के संबंध में जानकारी ली और पात्र नागरिकों को समयबद्ध सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। इसी दौरान उन्होंने शासकीय हाई स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से संवाद कर अंग्रेजी विषय की पढ़ाई के संबंध में मार्गदर्शन दिया। कक्षा 9वीं की छात्रा कुमारी सोनिका मीणा द्वारा ब्लैक बोर्ड पर लिखे अंग्रेजी वाक्यांशों का निर्विघ्न वाचन किए जाने पर कलेक्टर ने उसकी सराहना करते हुए हौसला अफजाई की. इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने उदयपुर में शासकीय उचित मूल्य दुकानों तथा सीसीबी बैंक शाखा के कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बैंक शाखा से संबद्ध 45 गांवों के किसानों को केसीसी का शत-प्रतिशत वितरण हुआ है या नहीं, इसकी जानकारी ली. इस संबंध में विस्तृत परीक्षण एवं सूची तैयार कराने हेतु स्थानीय एसडीएम को निर्देश दिए कि पांच-पांच पटवारियों को बैंक शाखा में तैनात कर जांच कराई जाए.

### बच्चों को पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन निर्धारित मानकों के अनुसार

कलेक्टर एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला मुरादपुर का निरीक्षण किया. इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय में संचालित प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा विद्यार्थियों को वितरित किए जा रहे मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ताए स्वच्छता एवं नियमितता की जानकारी प्राप्त की. कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों को पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन निर्धारित मानकों के अनुसार नियमित रूप से उपलब्ध कराया जाए. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री गुप्ता ने विद्यालय परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया है। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ताए समय.सीमा तथा उपयोगिता पर विशेष ध्यान देते हुए कार्यदायी एजेंसी एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराते हुए गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए. गौरतलब हो कि 37 लाख 70 की लागत से पंचायत भवन तथा 25 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य प्रगतिरत है. भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय परिसर एवं आसपास उपस्थित स्थानीय रहवासियों से संवाद किया.

### अस्पताल का भी किया निरीक्षण

भ्रमण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उदयपुर का निरीक्षण किया. निरीक्षण के समय उन्होंने ओपीडी, औषधि वितरण कक्ष, स्टोर रूम, लेबर रूम, कोल्ड चेन, एनसीडी क्लीनिक सहित स्वास्थ्य केन्द्र की समस्त शाखाओं का विस्तार से अवलोकन किया.कलेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्र के रिकॉर्ड संधारण, उपलब्ध दवाओं की स्थिति एवं प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की जानकारी ली. उन्होंने इस माह होने वाले प्रसवों तथा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की सूची की समीक्षा करते हुए संबंधित स्टाफ को सतर्कता एवं समयबद्ध सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्टॉक रजिस्टर का समुचित एवं अद्यतन संधारण किए जाने के निर्देश भी दिए गए . निरीक्षण के दौरान अस्पताल के सभी वार्डों की साफ-सफाई व्यवस्था की सराहना की तथा इसे निरंतर इसी स्तर पर स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित स्वास्थ्य संस्थान से ही गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित होती है.

# खुद को मारी गोली, हमारे परिवार पर लगा दिया इल्जाम

**खास बातें**

- एसपी को दिया आवेदन कहा हमारे परिवार को झूठा फसाया जा रहा
- मामले की जांच कराने की मांग



नवभारत न्यूज

**विदिशा 7 जनवरी, गंजबासौदा तहसील के ग्राम नसीदपुर से बड़ी संख्या में ग्रामीण आज विदिशा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे. उन्होंने एक मामले में झूठी शिकायत दर्ज कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की.**

परिजनों का कहना है कि उनका मनोज पंथी से पुराना विवाद चला आ रहा है. आरोप है कि मनोज पंथी ने स्वयं अपने ऊपर गोली चलाई और बाद में अपने साथियों के साथ अस्पताल पहुंचकर पुलिस को बयान दिया, जिसमें राजकुमार मालवी, प्रकाश मालवी और शुभम मालवी जो एक ही परिवार के सदस्य हैं उनको आरोपी बना दिया गया.परिजनों के अनुसार, घटना के बाद रात में पुलिस ने घर पर सो रहे तीनों युवकों को थाने ले जाकर पूछताछ की. इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच की मांग की. ग्रामीणों का कहना है कि यदि जांच में वे दोषी पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, लेकिन यदि वे निर्दोष हैं तो झूठे मामले में फंसाने वालों पर भी कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए. वहीं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी का कहना है कि थाने में निर्देश गए हुए है जांच करने के बाद ही करवाही की जाएगी.

## कवि लेखक समागम तृतीय सोपान 11 को

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** नगर की साहित्यिक संस्था प्रयास के तत्वावधान में आगामी 11 जनवरी को कवि लेखक समागम 25 का तृतीय सोपान आयोजित किया जाएगा. जिसमें प्रथम चरण में,नोबेल पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी का जन्मदिन मनाया जाएगा. द्वितीय चरण में , विदिशा नगर के कवि एवं लेखक अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे.कार्यक्रम में जिले के श्रेष्ठ पाँच साहित्यकारों का सम्मान भी किया जाएगा. ये सम्मान पूर्व के वर्षों की तरह ,विदिशा के दिवंगत एवं प्रतिष्ठित साहित्यकारों की स्मृति में प्रदान किए जाएंगे.आयोजन समिति में कामरेड माधोसिंह, गोविन्द देवलिया एवं ब्रज श्रीवास्तव शामिल हैं. समिति सदस्य गोविन्द देवलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कवि लेखक समागम श्रृंखला का तीसरा चरण है, जिसमें नगर के साहित्य रसिकों को आमंत्रित किया गया है.यह आयोजन कामरेड माधोसिंह के निवास भोपाल रोड में संपन्न होगा.

# किसान कांग्रेस की किसान जन आंदोलन यात्रा आज से

नवभारत न्यूज

**विदिशा, कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान नेतृत्व में संपूर्ण मध्य प्रदेश में किसान जन आंदोलन यात्रा निकाली जा रही है.इसी तारतम्य में जिले की पांचों विधानसभाओं के 31 ब्लॉकों में लगभग 20 दिन तक किसान जन आंदोलन यात्रा निकाली जाएगी जिसकी शुरुआत शमशाबाद विधानसभा के उपब्लॉक देवखजुरी में भैरोंबाबा महाराज मंदिर से 8 जनवरी दिन गुरुवार को सुबह 11 बजे से प्रारम्भ होगी जो विदिशा जिले की सभी विधानसभाओं के समस्त ब्लॉकों में आयोजित की जायेगी.**

किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत सिंह दांगी ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य किसानों की प्रमुख मांगे हैं जिनमें मुख्य रूप से गेहूं के समर्थन मूल्य 4000 प्रति क्विंटल धान का समर्थन मूल्य 4000 प्रति क्विंटल, सोयाबीन का समर्थन मूल्य 6000 प्रति क्विंटल, मक्का की समर्थन मूल्य पर अनिवार्य खरीदी, नक़ली बीज ब खाद बेचने वालों पर कठोर कार्यवाही, खाद पर्याप्त मात्रा में और समय पर उपलब्ध हो, भूमि अधिग्रहण क़ानून में बाज़ार मूल्य का चार गुना मुआवजा, लैंड पुलिंग एक्ट समाप्त किया जाए, बिजली विभाग द्वारा किसानों पर बनाए गए झूठे प्रकरण रद्द किए जाएं एवं जंगली जानवरों एवं आवारा मवेशियों द्वारा किसानों की फ़सल ख़राब होती है उन्हें मुआवजा राशि दी जाए.इन सभी मांगों को लेकर किसान कांग्रेस विदिशा, जिला कांग्रेस कमेटी विदिशा एवं समस्त मोर्चा संगठनों विभागों एवं प्रकोष्ठों के साथ यह यात्रा गांवों कस्बों में किसानों के बीच पहुंचेगी. उक्त विनीत सिंह दांगी जिलाध्यक्ष किसान कांग्रेस विदिशा ने दी.

## सांची रामलीला में अहिरावण वध की लीला का हुआ मंचन

नवभारत न्यूज

**सांची**,स्थानीय कलाकारों द्वारा रामलीला मंचन में कड़ाके की सर्दी के बीच भी भक्तों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है. ठंड के प्रकोप को चुनौती देते हुए बड़ी संख्या में दर्शक रामलीला मैदान पहुंचे और धार्मिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया. लीला मे अहिरावण वध की लीला का मंचन किया गया पात्रों के संवाद, अभिनय और मंच सज्जा ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया.रामलीला आयोजन समिति के अनुसार 8 जनवरी को रावण वध का मंचन किया जाएगा.

# जिला पंचायत में विद्युत विभाग की हुई समीक्षा

नवभारत न्यूज

**विदिशा, जिला पंचायत सभागार में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया. बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष ने की. बैठक में डिपॉजिट वर्क तथा 5 प्रतिशत सुपरविजन चार्ज के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति एवं जानकारी संबंधित कार्यपालन यंत्री अंकित बिमल द्वारा दी गई.**



बैठक में यह तथ्य सामने आया कि किसानों एवं निजी उपभोक्ताओं द्वारा 5त्न सुपरविजन राशि जमा करने के बावजूद ट्रांसफार्मर स्थापना जैसे कार्यों में एक वर्ष तक का समय लग जाता है. जबकि शासकीय कार्य मात्र 2-3 माह में पूर्ण हो जाते हैं.उपभोक्ताओं द्वारा रजिस्टर्ड ठेकेदार को भुगतान के बाद भी उत्पन्न समस्याओं के लिए विभाग जिम्मेदार नहीं मानता, जो गलत नीति है.जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा इस मुद्दे पर कलेक्टर से चर्चा करने एवं ऊर्जा मंत्री को अवगत कराने का निर्णय लिया गया. विभाग सुपरविजन शुल्क लेकर जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकता.

इसके साथ ही, ग्राम पंचायत कोलुया जागीर की गौशाला विद्युतीकरण के लिए स्वीकृत 9,37,000 की राशि 5 प्रतिशत सुपरविजन पर व्यय की गई. यदि निविदा से कार्य होता तो 20-25 प्रतिशत बचत संभव थी. जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा भविष्य में ऐसे कार्य निविदा प्रक्रिया से ही कराने का प्रस्ताव जिला पंचायत में पारित किया जाएगा.बैठक में एक हितग्राही को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सामाजिक न्याय विभाग कि योजना के तहत इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल वितरित की गई. विभिन्न क्षेत्रों से आए हितग्राहियों की शिकायतें सुनी गईं एवं समाधान का प्रयास किया गया.जिला पंचायत जनता की समस्याओं के निराकरण हेतु कटिबद्ध है.




## प्राकृतिक चिकित्सा पर हुआ कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** रोटरी क्लब ग्रेटर एवं अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट के संयुक्त आयोजन में समय की भयंकर नई-नई बीमारियां को देखते हुए एवं महंगी अंग्रेजी दवाई के साइड इफेक्ट से बचने के लिए एक प्राकृतिक चिकित्सा पर एक आयोजन किया गया. जिसे प्राकृतिक चिकित्सक डॉ रमेश टेवानी ने अलग-अलग महत्वपूर्ण बीमारियों से बचने के लिए एक स्क्रीन पर वीडियो के माध्यम से विस्तार से लगातार 2 घंटे तक समझा कर जानकारियां दी.जिसे उपस्थित गणमान्य लोगों ने ध्यान पूर्वक सुना और अपनी बीमारियों के संबंध में ज्ञान अर्जित किया एवं समस्या का निवारण के संदर्भ में डॉक्टर से बीमारी का निराकरण प्राप्त किया. इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा , समाज सेवी अतुल शाह, क्लब अध्यक्ष राज अरोरा, सेमिनार संयोजक चंद्र मोहन अग्रवाल, मधु बाबू अग्रवाल,असिस्टेंट गवर्नर बीपी सिंह, भास्कर राव कंपूवाले, निर्वाचित अध्यक्ष रविंद्र जैन, प्रकाश कंजेला, दिनेश रामानी, संजीव शर्मा एवं अन्य रोटेरियन साथी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

## कार्यवाही से छोटे दुकानदारों की रोजी पर संकट, कलेक्टर से लगाई गुहार

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के तहत छोटे दुकानदारों को उनके वर्षों पुराने स्थान से हटाए जाने को लेकर विवाद गहराता जा रहा है. इसी संबंध में आज प्रभावित दुकानदारों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और न्याय की मांग की.आवेदन में दुकानदारों ने बताया कि वे पिछले 20-25 वर्षों से उसी स्थान पर छोटे ठेले व अस्थायी दुकानों के माध्यम से आजीविका चला रहे हैं. लेकिन हाल ही में नगर पालिका द्वारा नियमित रूप से उन्हें वहां से हटाया जा रहा है, जबकि आसपास मौजूद अन्य दुकानदारों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे कार्रवाई में भेदभाव का आरोप लगाया गया है. दुकानदारों का कहना है कि उनकी आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर है और इस तरह हटाए जाने से उनके सामने रोज़ी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है. उन्होंने यह भी बताया कि परिवार का पालन-पोषण और बच्चों की पढ़ाई तक प्रभावित हो रही है.

# ओवरब्रिज की रेलिंग से लटकी मिली लाश

## बीमारी से तंग आकर लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस



नवभारत न्यूज

**विदिशा, बुधवार सुबह एक युवक ने ओवरब्रिज की रेलिंग से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।उसका शव रामद्वारे की तरफ सीढ़ियों के पास ओवरब्रिज के नीचे लटकता हुआ मिला. सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया.**

मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें बीमारी से परेशान होकर यह कदम उठाने की बात लिखी है. फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो सकी है. रामद्वारे की तरफ से चढ़ते वक्त लोगों ने देखा घटना का पता तब चला जब लोग सुबह रामद्वारे की ओर से ओवरब्रिज पर चढ़ रहे थे. उन्होंने सीढ़ियों के पास युवक का शव लटकते देखा. युवक ने ओवरब्रिज की रेलिंग से गमछे का फंदा बनाकर फांसी लगाई थी. राहगीरों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा और तलाशी ली. युवक की जेब से एक पेन और एक पर्ची बरामद हुई है. इस पर्ची में लिखा है कि वह श्वास (सांस) संबंधी बीमारी से परेशान है और इसी वजह से आत्महत्या कर रहा है.

### शिनाख्त की कोशिश में जुटी पुलिस

फिलहाल मृतक युवक की पहचान नहीं हो पाई है. सिविल लाइन पुलिस उसकी शिनाख्त करने और परिजनों का पता लगाने का प्रयास कर रही है.पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सुसाइड और अन्य सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा.

# पुलिस का अभियान दृष्टि 360 डिग्री के लिए लगाए जा रहे कैमरे

## अपराधियों पर रहेगी पुलिस की तीसरी नजर, जिले में लगेंगे 5 कैमरे

नवभारत न्यूज

**विदिशा,**अपराधों पर अंकुश लगाने और अपराधियों की धर पकड़ के लिए सीसीटीवी कैमरे काफी कारगर साबित हो रहे हैं. पुलिस के अनुसार 90 से 95 फीसदी अपराधीयो का खुलासा सीसीटीवी फुटेज की मदद से ही हुए हैं. ऐसे में जिले में कई स्थान अभी शेष है जहां कैमरे नहीं है, और वहां की आपराधी गतिविधियों पर नियंत्रण थोड़ा मुश्किल हो रहा है. अपराधों को खुलासा करने में, अपराधियों को पकड़ने में समय लग रहा है. विदिशा पुलिस द्वारा भोपाल मुख्यालय के निर्देश के बाद दृष्टि 360 डिग्री अभियान की शुरुआत की गई है।जो इस साल के साथ प्रारंभ हुई है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे ने बताया कि इसका उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा क्षेत्र को कैमरो की निगाहों में लाना है. उन्होंने बताया कि निजी सहयोग, संस्थागत सहयोग और संगठनों से सहयोग लिया जा रहा है। योजना के प्रारंभ में ही इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के माध्यम से 25 हजार की सहयोग राशि दी गई थी. जिससे अलग-अलग जगह पर कैमरे लगवाए जाएंगे.

साथ ही कॉलोनी मल्टी, दुकानों, मार्केट आदि में भी कैमरे लगाने के साथ है, एक कैमरे को इस प्रकार से लगाए जाने की सलाह दी जा रही है कि उसे दुकान घर मल्टी के बाहर की सड़क को आसानी से देखा जा सके. उन्होंने बताया कि पठारी, गंजबासौदा और सिरोंज में भी व्यापारियों के साथ निजी संगठन इस कार्य में सहयोग कर रहे हैं. हमारा लक्ष्य विदिशा जिले में तकरीबन 5000 कैमरे लगाए जाने का है.

**विरासत** | **मंदिर तक पहुंचने वाले रास्ते का कई सालों से नहीं हुआ निर्माण**

# मंदिर की खूबसूरती ने मन मोहा, गड्ढों भरे रास्ते ने किया दुखी

## हर साल देश और विदेश से आते हैं पर्यटक




नवभारत न्यूज

**विदिशा.**ग्यारसपुर का माला देवी मंदिर की खूबसूरती और नक्काशी देश ही नहीं विदेशों में भी प्रसिद्ध है. इसे देखने के लिए हर साल हजारों पर्यटक आते हैं. इस साल नया वर्ष मनाने के लिए आए सैकड़ों पर्यटकों को माला देवी का मंदिर तो खूब पंसद आया लेकिन मंदिर तक पहुंचने वाले रास्ते में पर्यटकों को दुखी कर दिया. पहाड़ी पर बने मंदिर तक पहुंचने के लिए जो रास्ता बना वह काफी हद तक खुद चुका है. कई सालों ने इसकी मरम्मत तक नहीं हुई. जिसके चलते यहां पर आने जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है. ग्यारासपुर अपनी ऐतिहासिक इमारतें एवं विरासत के लिए जाना जाता है. जहां पर नौवीं और दसवीं सदी के अनेक इमारतें आज भी मौजूद है उन्हें में से एक माला देवी मंदिर एवं हिंडोला तोरण जो की एक ही रास्ते पर पड़ते हैं।इन ऐतिहासिक इमारत को देखने के लिए दुर दराज से एवं देश-विदेश से पर्यटक आते हैं माला देवी मंदिर जो की एक पहाड़ी चट्टान को काटकर बनाई गई है.नौवीं और दसवीं सदी की ऐतिहासिक इमारत के पत्थरों पर बहुत ही अद्भुत नक्काशी की गई है। इस मंदिर के चारों तरफ गर्भ ग्रह में परिक्रमा मार्ग भी है। मुख्य द्वार पर गंगा और जमुना की मूर्तियां स्थापित।और इसके खंबो पर बहुत ही शानदार नक्काशी की गई है ।और इस इमारत के आसपास छोटी बड़ी पहाड़ियां मौजूद है जो की हरी भरी पहाड़ियां को देखने के लिए भी पर्यटक आते हैं एवं हरे भरे खेत जहां पर पाठकों को बहुत ही सुकून और आनंद की प्राप्ति होती है। वहीं दूसरी ओर हिंडोला तोरण जहां पर भगवान विष्णु के 10 अवतार द्वार पर अंकित है . इन सभी इमारत को देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं.परंतु जब आज मीडिया टीम के द्वारा माला देवी का निरीक्षण किया गया तो पर्यटकों के द्वारा नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि पीडब्ल्यूडी विभाग की उदासीनता के चलते दो वर्ष से सड़क उखड़ी हुई है जिसकी लंबाई लगभग 1 किलोमीटर के आसपास है.पर्यटकों के द्वारा बताया गया है कि प्रतिवर्ष 1 जनवरी को यहां पर मेले का आयोजन किया जाता है जहां पर हजारों की संख्या में पर्यटक मेल को देखने के लिए आते हैं एवं ऐतिहासिक इमारत को भी निहारने के लिए अपने परिवार के साथ आते हैं और नया साल इस ऐतिहासिक इमारत के बीच मानते हैं। परंतु सड़क की स्थिति बेहद खस्ता हाल है जिसके चलते इस वर्ष नव वर्ष पर आने वाले पर्यटकों के लिए भी मुसीबत का सामना करना पड़ा.

इस सड़क के लिए ग्रामीणों के द्वारा एक वर्ष पूर्व धरना प्रदर्शन भी किया गया था एवं गांव के लोग लगातार विभाग से मांग कर रहे हैं कि यह हमारे ग्यारसपुर की धरोहर है यहां का जो सड़क है वह अच्छी होनी चाहिए परंतु अभी तक यह सड़क नहीं बनाई गई है जिसके चलते ग्रामीणों में भी आक्रोश देखा जा रहा है. इस मामले में पीडब्लूडी के ईई सोमेश श्रीवास्तब का कहना है कि इस रोड निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा है रोड क्योंकि रोड काफी पुराना हो चुका है इसके लिए रेनवाल नहीं किया जाएगा नया निर्माण के लिए प्रस्ताव जल्द ही स्वीकृत होने वाला है.

# खेलो एमपी के नियमों पर उठा विवाद, बीपीएड संघ ने घेरा

## कहा- प्रतिभाओं का सौदा न करे सरकार



नवभारत न्यूज

**विदिशा,मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी खेलो एमपी योजना शुरू होने से पहले ही विवादों के घेरे में आ गई है. बुधवार को बीपीएड संघ के बैनर तले खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों ने योजना के नए नियमों के विरोध में मोर्चा खोल दिया. संघ के पदाधिकारियों ने खेल मंत्री के नाम एक ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर अनुभा जैन को सौंपकर नियमों में तत्काल संशोधन की मांग की है.**

निजी संघों की अनिवार्य सदस्यता पर आपत्ति बीपीएड संघ मध्य प्रदेश संगठन मंत्री पंकज भार्गव ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि नए नियमों के तहत खिलाड़ियों के लिए संबंधित खेल संघों में पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है.उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकारी आयोजन को निजी हाथों में सौंपने और निजी संघों की तिजोरी भरने की साजिश है. भार्गव ने सवाल उठाया कि क्या यह आयोजन प्रदेश की प्रतिभाओं को निखारने के लिए है या निजी संघों के मुनाफे के लिए ज्ञापन में स्पष्ट किया गया कि खेल संघों द्वारा पंजीकरण के नाम पर भारी शुल्क वसूला जाता है. ऐसे में ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान खिलाड़ी, जिनके पास जानकारी और संसाधनों का अभाव है, इस प्रतियोगिता से बाहर हो जाएंगे.

ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि खेल संघों का अनिवार्य पंजीकरण तुरंत समाप्त किया जाए।खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन सीधे खेल विभाग के माध्यम से नि:शुल्क हो.ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के लिए स्थानीय स्तर पर सरल प्रक्रिया अपनाई जाए.संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि नियमों में सुधार नहीं हुआ, तो खेलो एमपी केवल संपन्न वर्ग तक सीमित रह जाएगी और गांव की वास्तविक प्रतिभाएं मैदान से बाहर रह जाएंगीऔर सरकार का सभी को समान रूप से खेलने के अवसर देने का ध्येय भी समाप्त हो जाएगा इस दौरान खेल प्रशिक्षक और बीपीएड संघ के सदस्य उपस्थित रहे.